## विषय : सामाजिक विज्ञान Set-C

निर्देश : सभी प्रश्न हल कीजिए।

1. (अ) **बहुविकल्पीय प्रश्न (सही विकल्प चुनकर लिखिए) :**

(i) खुले द्वार की नीति किसने अपनायी थी?

(अ) ब्रिटेन (ब) जापान

(स) भारत (द) अमेरिका

(ii) संयुक्त राष्ट्रसंघ की प्राथमिक सदस्य संख्या कितनी थी?

(अ) 61 (ब) 51

(स) 41 (द) 31

(iii) प्राचीन भारत के महान ज्योतिष शास्त्री थे—

(अ) वराहमिहिर (ब) आर्यभट्ट

(स) (अ) एवं (ब) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

(iv) 2001 की जनगणना के अनुसार, भारत में लिंगानुपात था—

(अ) 943 (ब) 933

(स) 953 (द) 923

(v) निम्नलिखित उद्योगों में से सबसे अधिक वायु-प्रदूषण किसमें होता है?

(अ) दियासलाई उद्योग (ब) कागज उद्योग

(स) रासायनिक उद्योग (द) फर्नीचर उद्योग

(ब) **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(i) छत्तीसगढ़ टोनही उत्पीड़न अधिनियम _____ सन् में लागू हुआ।

(ii) शारीरिक रूप से अक्षम या मानसिक रूप से जड़बुद्धि व्यक्ति ______ कहलाते हैं।

(iii) रोजगार गारण्टी योजना में _____ दिनों का रोजगार दिया जाता है।

(iv) विश्व जनसंख्या दिवस _____ को मनाया जाता है।

(v) जनसंख्या के अत्यंत तीव्र गति से वृद्धि को ______ कहते हैं।

**निर्देश : प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है।**

2. उपनिवेशवाद से आप क्या समझते हैं?
3. सार्क क्या है? इसकी स्थापना कब हुई?
4. जन्तर-मन्तर कहाँ स्थित है? इसका निर्माण किसने करवाया?
5. 'गोदना' से आप क्या समझते हैं?
6. भारत के मुख्य न्यायाधीश को नियुक्ति कौन करता है?
7. नक्सलवाद के कोई दो कारण लिखिए।
8. उपभोक्ता की बचत उत्पन्न होने के दो कारण बताइए।
9. श्रम विभाजन से समाज को क्या लाभ होता है?

**निर्देश : प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है।**

10. 'शीत युद्ध' से आप क्या समझते हैं? यह किन दो देशों के बीच हुआ था?
11. भारतीय संस्कृति की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।
12. जिला पंचायत के गठन एवं कार्यों को लिखिये।
13. उपभोक्ता की बचत की धारणा आर्थिक स्तर की तुलना करने में किस प्रकार सहायक है?
14. भारत में मृत्युदर में कमी के कोई तीन प्रमुख कारण लिखिए।
15. श्रम विभाजन से समाज को क्या हानियाँ होती हैं?

**निर्देश : प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है।**

16. भारत में मूल्य वृद्धि के कोई चार कारण लिखिए।

**अथवा**

भारत में गरीबी दूर करने हेतु सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रमुख कार्यक्रमों का वर्णन कीजिए।

17. औद्योगिक प्रदूषण क्या है? इनके प्रकारों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

पेट्रो-रसायन उद्योग पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

18. वनों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ लिखिए।

**अथवा**

भारतीय कृषि की चार मुख्य समस्याएँ लिखिए।

19. जर्मनी में नाजीवाद के उदय के कारणों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

नाजीवाद एवं फासीवाद की समानताएँ क्या थीं?

20. सामाजिक चेतना को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार तत्वों को लिखिए।

**अथवा**

सामाजिक चेतना के चार प्रमुख बाधक तत्वों का वर्णन कीजिए।

21. शीतयुद्ध के चार परिणाम लिखिए।

**अथवा**

एशियाई एवं अफ्रीकी देशों में राजनैतिक पुनर्जागरण के कोई चार कारण बताइए।

**निर्देश : प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द है।**

22. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(ii) नर्मदा नदी

(iii) अरावली पर्वत (iv) खम्भात की खाड़ी

(v) कर्क रेखा

अथवा

(i) छोटानागपुर पठार (ii) काराकोरम दर्रा

(iii) गंगा नदी (iv) दिल्ली

(v) चाय उत्पादक प्रमुख राज्य

23. खनिज संसाधनों के आर्थिक महत्व का वर्णन कीजिए।

अथवा

ऊर्जा के गैर-परम्परागत किन्हीं पाँच साधनों का वर्णन कीजिए।

24. साम्राज्यवाद का क्या अर्थ है? विश्व में साम्राज्यवाद के पाँच नकारात्मक प्रभाव का वर्णन कीजिए।

अथवा

साम्राज्यवाद के विकास में औद्योगिक क्रान्ति का क्या प्रभाव पड़ा? किन्हीं पाँच का वर्णन कीजिए।

25. भारतीय संसद के किन्हीं पाँच कार्यों का वर्णन कीजिए।

अथवा

''सर्वोच्च न्यायालय मौलिक अधिकार का संरक्षक है।'' स्पष्ट कीजिए।

**निर्देश : प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है।**

26. भारतीय मिट्टी कितने प्रकार की है? वर्णन कीजिए।

अथवा

''कृषि भारत की आत्मा और भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार है।'' समझाइए।

27. द्वितीय विश्वयुद्ध के छः कारणों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

जापान में राष्ट्रवाद के उदय के क्या कारण थे?

